Mail-ID- upjnrprayagraj@upjn.co.in
मो0.नं0. 9473942662

# उत्तर प्रदेश जल निगम(ग्रामीण)
## खण्ड कार्यालय,तुलापुर पानी की टंकी, झूँसी,प्रयागराज।

पत्रांक 1465 / W-19 / 285 दिनांक 30/06/26

सेवा में,

अधिशासी निदेशक,
राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग,
लखनऊ।

**विषयः— ई—समाचार पत्र दैनिक भास्कर में दिनांक 25.06.2026 को प्रकाशित खबर "समहन गांव में 'हर घर जल' योजना अधूरीः टंकी निर्माण और पाइपलाइन बिछाने का काम रूका" के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक ई—समाचार पत्र दैनिक भास्कर में दिनांक 25.06.2026 को प्रकाशित खबर "समहन गांव में 'हर घर जल' योजना अधूरीः टंकी निर्माण और पाइपलाइन बिछाने का काम रूका" शीर्षक सम्बन्ध में अवगत कराना है कि जनपद प्रयागराज विकास खण्ड उरूवा के समहन ग्राम पंचायत को जल जीवन मिशन में अमिलिया खुर्द—समहन पेयजल योजनान्तर्गत सम्मिलित कर निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जिसमें 02 राजस्व ग्राम सम्मिलित है। उक्त पेयजल योजना में अवर जलाशय (225 किली0/18मी0 स्टेजिंग) 01 नग, वितरण प्रणाली—17.80 कि0मी0, घरेलू कनेक्शन 794 नग, नलकूप 01 नग, पम्प हाउस, बाउण्ड्रीवॉल, विद्युत एवं तत्सम्बन्धी कार्य प्रस्तावित है। उक्त योजना में भूमि उपलब्ध न होने के कारण योजना का कार्य समय से प्रारम्भ नहीं कराया जा सका, तत्पश्चात तहसीलदार, मेजा द्वारा दिनांक 06.06.2025 को भूमि उपलब्ध करायी गयी। जिसके सापेक्ष वर्तमान में नलकूप 90 प्रतिशत एवं पम्प हाउस 75 प्रतिशत का कार्य पूर्ण कराया जा चुका हैं। योजना की औसत प्रगति लगभग 15 प्रतिशत है। योजनाओं को समय से न पूर्ण किये जाने के कारण कार्यालय अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, लखनऊ के पत्रांक संख्या—125/W-17/(L&T)/2026-27/Tech-06 दिनांक 13.04.2026 के द्वारा जनपद प्रयागराज क्लस्टर हेतु गठित सूचीबद्धता अनुबन्ध संख्या— 93/ED/2021-21 दिनांक 16.03.2021 के अन्तर्गत जनपद—प्रयागराज में ट्रॉयल—रन में सम्मिलित 178 योजनाएं जिनमें 320 ग्राम सम्मिलित है तथा O&M में ली गई 88 योजनाएं जिनमें 148 ग्राम सम्मिलित है, के कार्यों को छोड़कर शेष आवंटित कार्यों को डिस्कोप (Descope) कर दिया गया है।





अतः सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

भवदीय

(धर्मेन्द्र कुमार)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्त—

प्रतिलिपि— निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :—

1— मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
2— मुख्य अभियन्ता(का0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), कानपुर।
3— अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), प्रयागराज।
4— जिलाधिकारी महोदय, प्रयागराज।
5— मुख्य विकास अधिकारी, प्रयागराज।
6— अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे एवं जलापूर्ति विभाग, प्रयागराज।
7— अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय(वि0/यां0), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), प्रयागराज।
8— मेसर्स एल0 एण्ड टी0, चेन्नई/प्रयागराज।

अधिशासी अभियन्ता

Scanned with OKEN Scanner